
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

05.08.2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

इंसान का सबसे बड़ा दुश्मन मूर्खता नहीं, बल्कि ज्ञानी होने का भ्रम है।

**स्टीफन हॉकिंग**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

5 अगस्त

मधु प्रिया

## पहली भारतीय महिला न्यायाधीश 5 अगस्त



5 अगस्त 1991 को देश में पहली बार महिला को उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया था। लीला सेठ को दिल्ली उच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश बनने का श्रेय भी मिला। वे देश की पहली ऐसी महिला भी थीं, जिन्होंने लंदन बार एक्जाम में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।न्यायमूर्ति लीला का जन्म लखनऊ में अक्टूबर 1930 में हुआ। बचपन में पिता की मृत्यु के बाद बेघर होकर विधवा माँ के सहारे पली-बढ़ी और मुश्किलों का सामना करती हुई उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश जैसे पद तक पहुचने का सफ़र एक महिला के लिये कितना संघर्ष-मय हो सकता है, इसका अनुमान लगाया जा सकता है। भारत की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रही लीला ने अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लेखक विक्रम सेठ की माँ हैं। लन्दन में कानून की परीक्षा 1958 में टॉप रहने, भारत के 15 वे विधि आयोग की सदस्य बनने और कुछ चर्चित न्यायिक मामलो में विशेष योगदान के कारण लीला सेठ का नाम विख्यात है।लीला सेठ भारत में उच्च न्यायालय ( हिमाचल प्रदेश ) की मुख्य न्यायाधीश बनने वाली पहली महिला थीं। दिल्ली उच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश बनने का श्रेय भी उन्ही को ही जाता है।




**नील एल्डन आर्मस्ट्रांग** (५ अगस्त १९३० – २५ अगस्त २०१२) एक अमेरिकी खगोलयात्री और चंद्रमा पर कदम रखने वाले पहले व्यक्ति थे। इसके अलावा वे एक एयरोस्पेस इंजीनियर, नौसेना अधिकारी, परीक्षण पायलट, और प्रोफ़ेसर भी थे। खगोलयात्री (ऍस्ट्रोनॉट) बनने से पूर्व वे नौसेना में थे।

TOB

खेल कॉर्नर



# किसी टेस्ट सीरीज में किसी टीम द्वारा लगाए गए सबसे ज्यादा शतक

| टीम | सीरीज | शतक |
|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज के खिलाफ, 1955 | 12 |
| पाकिस्तान | भारत के खिलाफ, 1982/83 | 12 |
| सा. अफ्रीका | वेस्टइंडीज के खिलाफ, 2003/04 | 12 |
| भारत | इंग्लैंड के खिलाफ, 2025 | 12* |



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 05.08.2025

## व्यवहार परिवर्तन

व्यवहार परिवर्तन का अर्थ है किसी व्यक्ति के व्यवहार, दृष्टिकोण, या आदतों में बदलाव। यह एक जटिल प्रक्रिया है जो विभिन्न कारकों से प्रभावित होती है, जैसे कि प्रेरणा, सामाजिक प्रभाव, और व्यक्तिगत अनुभव।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**क्रिस्टोफर नोलन** की स्क्रिप्ट को रेड स्क्रिप्ट कहा जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि नोलन एक अलग **कागज** पर अपनी फिल्म की स्क्रिप्ट को प्रिंट करवाते हैं। ये एक **लाल रंग** का कागज होता है, जिसपर ब्लैक इंक से **डायलॉग प्रिंट** होते हैं, जिससे **फोटोकॉपी** करना बहुत ही बहुत मुश्किल हो जाता है।

# पद्य पंकज

“

विपदाओं से मुझे बचाना
ये नहीं प्रार्थना मेरी
विपदाओं में न होऊं भयभीत
जब दुखी हूं,चित्त व्यथित हो
न भी दो सांत्वना
दुखों को बस कर पाऊं जय मैं
सहाय अगर जो कभी न जुटे
बल न मेरा फिर भी टूटे
क्षति जो घटे जगत में
लायेगी केवल वंचना
अपने मन में न मानूँ कोई क्षय।

**रविन्द्र नाथ टैगोर**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की ओर से पहला शतक लगाने वाले क्रिकेटर


# लाला अमरनाथ भारद्वाज

की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।

जन्म–11 सितंबर 1911
मृत्यु- 5 अगस्त 2000

www.teachersofbihar.org

Madhu priya



# प्रसिद्ध कवि
# शिवमंगल सिंह सुमन

की जयंती पर सादर नमन।

जन्म 5 अगस्त 1915 - मृत्यु 27 नवम्बर 2002



Madhu priya

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री

# द्वारिका प्रसाद मिश्रा

की जयंती पर सादर नमन।

जन्म - 5 अगस्त 1901

मृत्यु - 31 मई 1988



www.teachersofbihar.org

Madhu priya